RPSC स्कूल व्याख्याता (माध्यमिक शिक्षा) पेपर II वाणिज्य 2025

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

वित्तीय विश्लेषण उपयोगी है -

(A) व्यवसाय के विभिन्न हितधारकों के लिए ✓

(B) केवल अंशधारकों के लिए

(C) केवल प्रबंधन के लिए

(D) केवल ऋणदाताओं के लिए

Q.2

टीना तथा मीना 5 : 4 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हुए साझेदार हैं, इन्होंने शीना को $\frac{1}{10}$ हिस्से के लिए प्रवेश दिया जिसे वह दोनों से बराबर प्राप्त करेगी।

नया लाभ विभाजन अनुपात होगा -

(A) 5 : 4 : 1

(B) 91 : 71 : 18 ✓

(C) 90 : 70 : 18

(D) 71 : 51 : 16

Q.3

नीचे दिये गये समीकरणों में से कौनसा सत्य है?

(A) बेचे गये माल की लागत - अंतिम स्कंध - क्रय = प्रारंभिक स्कंध

(B) बेचे गये माल की लागत + अंतिम स्कंध - प्रारंभिक स्कंध = क्रय ✓

(C) प्रारंभिक स्कंध + बेचे गये माल की लागत - क्रय = अंतिम स्कंध

(D) प्रारंभिक स्कंध + क्रय + अंतिम स्कंध = बेचे गये माल की लागत

Q.4

कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार प्रतिभूति प्रीमियम का उपयोग नहीं किया जा सकता है -

(a) स्वयं के अंशों की पुनर्खरीद में

(b) अंशत: प्रदत्त बोनस अंशों के निर्गमन में

(c) स्थायी संपत्तियों के विक्रय पर हानि को अपलिखित करने में

(d) प्रारंभिक व्ययों को अपलिखित करने में

सही विकल्प का चयन कीजिए -

(A) (b) तथा (c) दोनों ✓

(B) (c) तथा (d) दोनों

(C) केवल (b)

(D) (a) तथा (c) दोनों

Q.5

एकरूपता संबंधी परम्परा के अनुसार -

(A) लेखा विधियों एवं सिद्धांतों को सामान्यतः वर्ष दर वर्ष निरंतर अपनाया जाता है। ✓

(B) लेखा विधियों एवं सिद्धांतों को प्रबंधकीय निर्णयों के आधार पर बदल सकते हैं।

(C) लेखा विधियों एवं सिद्धांतों को अंकेक्षक के निर्णय के आधार पर बदल सकते हैं।

(D) लेखा विधियों एवं सिद्धांतों जिन्हें एक बार अपनाया गया है, किसी भी परिस्थिति में नहीं बदल सकते हैं।

Q.6

मि. युवराज, मैसर्स लाल चंद का 50,000 ₹ से ऋणी है। अब युवराज दिवालिया हो जाता है और उससे रुपये में 60 पैसे प्राप्त होते हैं। जर्नल प्रविष्टि में, युवराज का खाता क्रेडिट किया जाएगा -

(A) 70,000 ₹

(B) 50,000 ₹ ✓

(C) 30,000 ₹

(D) 20,000 ₹

Q.7

निम्न में से कौनसी कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली की सीमा है?

(A) गोपनीयता

(B) उच्च प्रशिक्षण लागत ✓

(C) समय पर प्रतिवेदन

(D) समंकों के प्रक्रियांकन में मितव्ययिता

Q.8

मुख्य-जर्नल (जर्नल प्रोपर) से संबंधित व्यवहारों की पहचान कीजिए -
(a) 50,000 ₹ का माल उधार बेचा
(b) पी. लिमिटेड से 2,00,000 ₹ की मशीन उधार खरीदी
(c) अदत्त वेतन 5,000 ₹
(d) राम से माल उधार खरीदा

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए -

(A) केवल (b)

(B) केवल (a)

(C) (b) तथा (c) दोनों ✓

(D) केवल (c)

Q.9

खाता बही तैयार करने के बाद अगले चरण में..... तैयार किया जाता है।

(A) लाभ-हानि खाता

(B) चिट्ठा

(C) व्यापार खाता

(D) तलपट ✓

Q.10

हितधारकों को वित्तीय सूचना संप्रेषित करना संबंधित है -

(A) अंकेक्षण से
(B) पुस्तपालन से
(C) लेखांकन से ✓
(D) प्रबंध लेखांकन से

Q.11

निम्न में से कौनसा रूढ़िवादिता परम्परा का प्रभाव होगा?

(A) आयों एवं परिसम्पत्तियों का कम मूल्यांकन ✓
(B) परिसम्पत्तियों का अधिक मूल्यांकन
(C) दायित्वों का कम मूल्यांकन
(D) लाभों का अधिक मूल्यांकन

Q.12

स्तम्भ A का स्तम्भ B से मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कूट का चयन कीजिए -

स्तम्भ A	स्तम्भ B
(A) अनुपात विश्लेषण	(i) आधार वर्ष से तुलना
(B) प्रवृत्ति विश्लेषण	(ii) तरलता व लाभप्रदता का मापन
(C) समानाकार विवरण	(iii) किसी सामान्य (समान) आधार का प्रतिशत
(D) नकद प्रवाह विवरण	(iv) नकद का आगमन व निर्गमन

(A) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)
(B) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iv)
(C) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iii), (D)-(iv) ✓
(D) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(iv)

Q.13

निम्नलिखित में से कौनसी मद व्यापार खाते के डेबिट पक्ष में दर्शायी जाती है?

(A) कमीशन प्राप्ति
(B) बट्टा दिया गया
(C) जावक गाड़ी भाड़ा
(D) मजदूरी ✓

Q.14

एस. लिमिटेड (असूचीबद्ध) ने 1 अप्रैल 2021 को 5,50,000 ₹ 11% ऋणपत्र निर्गमित किये, जिनका 31 मार्च 2028 को 5% प्रीमियम पर शोधन करना है। 31 मार्च 2022 को कम्पनी आपसे यह जानना चाहती है कि वर्ष 2021-2022 के लाभों में से ऋणपत्र शोधन संचय (DRR) खाते में SEBI की आवश्यकतानुसार कितनी राशि हस्तांतरित की जाये?

(A) 55,000 ₹ ✓
(B) 1,37,500 ₹
(C) 5,50,000 ₹
(D) 2,25,000 ₹

Q.15

एक संस्था द्वारा अग्रिम रूप से प्राप्त आय को..... माना जाता है।

(A) सम्पत्ति
(B) हानि
(C) आगम
(D) दायित्व ✓

Q.16

यदि साझेदारी संलेख में कुछ भी निर्दिष्ट नहीं है, तो निम्न में से कौनसा कथन सही है?

(A) हानि प्रबंध करने वाले साझेदार द्वारा वहन की जाएगी।
(B) हानि साझेदारों द्वारा पूंजी अनुपात में वहन की जाएगी।
(C) हानि अधिकतम पूंजी लगाने वाले साझेदार द्वारा वहन की जाएगी।
(D) हानि समस्त साझेदारों द्वारा समान रूप से वहन की जाएगी। ✓

Q.17

लेखांकन मानक-1 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसी मान्यता मूलभूत लेखांकन मान्यताओं में सम्मिलित नहीं है?

(A) उपार्जन
(B) चालू व्यवसाय
(C) निरन्तरता
(D) व्यवसाय का अस्तित्व ✓

Q.18

यदि कोई फर्म मशीनरी के ओवरहॉलिंग पर 50,000₹ व्यय करती है जो उसकी आयु 3 वर्ष बढ़ाती है और दक्षता 20% बढ़ाती है, तो इसे ..... के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए।

(A) आयगत व्यय
(B) पूंजीगत व्यय ✓
(C) उत्पादन व्यय
(D) आस्थगित आयगत व्यय

Q.19

एक फर्म के विघटन में, सम्पत्ति 2,00,000 ₹ तथा दायित्व 1,20,000 ₹ हैं। वसूली व्यय 10,000 ₹, जो कि साझेदार A द्वारा भुगतान किये गये। कुल पूंजी 80,000 ₹, लाभ एवं पूंजी अनुपात 1:1 है। A को अंतिम भुगतान क्या होगा, यह मानते हुए कि सम्पत्तियाँ पुस्तक मूल्यों पर वसूल की जाती हैं तथा दायित्वों का भुगतान भी पुस्तक मूल्यों पर किया गया?

(A) 25,000 ₹
(B) 45,000 ₹ ✓
(C) 35,000 ₹
(D) 40,000 ₹

Q.20

यदि एक व्यापारी का सकल लाभ 2,00,000 ₹ है, परिचालन व्यय 1,20,000 ₹ है जिसमें एक ऐसी इमारत जो व्यवसाय के लिए केवल 50% उपयोग होती है, पर 30,000 ₹ ह्रास शामिल है, तो समायोजित शुद्ध लाभ क्या होगा?

(A) 50,000 ₹
(B) 65,000 ₹
(C) 95,000 ₹ ✓
(D) 80,000 ₹

Q.21

पी. लिमिटेड ने अपने अंशों को उनके अंकित मूल्य से अधिक मूल्य पर निर्गमित करने का प्रस्ताव किया। अंकित मूल्य से अधिक प्राप्त की गई अतिरिक्त राशि को निम्नलिखित में से किस खाते में जमा (क्रेडिट) किया जायेगा?

(A) अग्रिम याचना खाता
(B) अंश पूंजी खाता
(C) सामान्य संचय खाता
(D) प्रतिभूति प्रीमियम खाता ✓

Q.22

मालिक के निवास का 7,000 ₹ किराया, किराया खाते में डेबिट कर दिया गया। इसकी सुधार प्रविष्टि होगी -

(A) Drawing a/c Dr 7000 ✓
To Rent a/c 7000

(B) Rent a/c Dr 14000
To Drawing a/c 7000
To Suspense a/c 7000

(C) Drawing a/c Dr 14000
To Rent a/c 7000
To Suspense a/c 7000

(D) Suspense a/c Dr 7000
To Rent a/c 7000

Q.23

पूर्वाधिकार अंशों के शोधन के लिए कंपनी किन लाभों का उपयोग नहीं कर सकती है?
(a) सामान्य संचय
(b) पूंजी संचय
(c) लाभांश समानीकरण संचय
(d) प्रतिभूति प्रीमियम
निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए -

(A) (a), (b) तथा (d)
(B) (a) तथा (b) दोनों
(C) (c) तथा (d) दोनों
(D) (b) तथा (d) दोनों ✓

Q.24

"कम्प्यूटरीकृत लेखांकन संवेदनशीलता विश्लेषण को सुगम बनाता है।", यहाँ संवेदनशीलता विश्लेषण का अर्थ है -

(A) लाभ रिपोर्ट तैयार करना
(B) कर्मचारियों की भावनाओं की जांच करना
(C) विभिन्न वित्तीय प्रतिरूपों के इनपुट्स के सन्दर्भ में परिणामों का मापन ✓
(D) ग्राहक प्रतिक्रिया का अध्ययन करना

Q.25

अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार की ख्याति का हिस्सा शेष साझेदारों के पूंजी खाते के माध्यम से समायोजित किया जाता है -

(A) पुराने अनुपात में
(B) नये अनुपात में
(C) त्याग अनुपात में
(D) लाभ प्राप्ति (गेनिंग) अनुपात में ✓

Q.26

लाभ को माना जाता है -

(A) पूँजी का किराया
(B) जोखिम का प्रतिफल ✓
(C) व्यवसाय की लागत
(D) स्वामी का वेतन

Q.27

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -
(i) व्यवसाय, माल और सेवाओं के सौदे करता है।
(ii) व्यवसाय का माल वस्तु विनिमय अथवा मुद्रा के लिए विनिमय हो सकता है।
(iii) लाभार्जन व्यवसाय का गौण/द्वितीयक उत्प्रेरक होता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही नहीं है/हैं?

(A) (i), (ii) और (iii)
(B) (ii) और (iii)
(C) केवल (ii)
(D) केवल (iii) ✓

Q.28

सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए -

सूची-I (विपणन मिश्रण के 4पी)	**सूची-II (संबंधित तत्व)**
(a) उत्पाद	(i) वैयक्तिक विक्रय
(b) कीमत	(ii) पैकेजिंग
(c) स्थान	(iii) मार्जिन
(d) संवर्धन	(iv) वाहिका चयन

निम्नांकित कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए -

(A) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(i)
(B) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)
(C) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(D) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i) ✓

Q.29

प्रबंध के निम्नांकित सिद्धांतों में से कौनसा एक सिद्धांत सैन्य संगठन के सदृश है?

(A) निर्देश की एकता का सिद्धांत
(B) समन्वय की एकता का सिद्धांत
(C) आदेश की एकता का सिद्धांत ✓
(D) नियुक्तिकरण की एकता का सिद्धांत

Q.30

रेखा (लाइन) संगठन किस प्रकार की प्रबंधन प्रणाली पर आधारित होता है?

(A) लोकतांत्रिक
(B) अधिनायकवादी ✓
(C) सहभागितापूर्ण
(D) उदारवादी

Q.31

प्रबन्धन का कौनसा कार्य प्रेरणा तथा पर्यवेक्षण से सम्बन्धित है?

(A) संगठन
(B) नियोजन
(C) नियन्त्रण
(D) निर्देशन ✓

Q.32

निम्नलिखित में से कौनसी गैर-कोष आधारित ऋण सुविधा है?

(A) सावधि ऋण
(B) ओवरड्राफ्ट
(C) लेटर ऑफ क्रेडिट ✓
(D) नकद ऋण

Q.33

एक संगठन की सम्पूर्ण पूँजी में विद्यमान ऋण समानुपात को..... के रूप में भी पुकारा जाता है।

(A) वित्तीय प्रभार
(B) वित्तीय उत्तोलन ✓
(C) वित्तीय विनियोग
(D) वित्तीय जोखिम

Q.34

प्रशासन मुख्य रूप से संबंधित है -

(A) नीतियों के क्रियान्वयन से
(B) नियंत्रण से
(C) नीतियों के निर्माण से ✓
(D) प्रेरणा देने से

Q.35

निम्नलिखित में से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का सबसे प्राचीनतम स्वरूप कौनसा है?

(A) वैधानिक निगम
(B) विभागीय स्वरूप ✓
(C) सरकारी कम्पनी
(D) अर्द्ध-सरकारी कम्पनी

Q.36

प्रबंधन का वह सिद्धान्त जिसके अनुसार, "एक मुखिया और एक योजना होनी चाहिए", कहलाता है -

(A) निर्देश की एकता का सिद्धान्त ✓
(B) अधिकार एवं दायित्व का सिद्धान्त
(C) केन्द्रीयकरण का सिद्धान्त
(D) आदेश की एकता का सिद्धान्त

Q.37

वह दर्शन जो उपभोक्ता सन्तुष्टि को सफलता की कुंजी मानता है -

(A) विक्रय अवधारणा
(B) विपणन अवधारणा ✓
(C) उत्पाद अवधारणा
(D) उत्पादन अवधारणा

Q.38

एक निजी कंपनी को किस अधिकार पर प्रतिबंध लगाना अनिवार्य होता है?

(A) अपने शेयरों के हस्तांतरण के ✓
(B) शेयर जारी करने के
(C) शेयर खरीदने के
(D) शेयर रखने के

Q.39

निम्न में से कौनसा बेरोजगारी का कारण नहीं है?

(A) आर्थिक विकास का अभाव
(B) उच्च जनसंख्या वृद्धि
(C) आर्थिक प्रगति की पर्याप्त दर ✓
(D) उद्योगों का धीमा विकास

Q.40

1991 के नवीन आर्थिक सुधारों के अनुसार निजीकरण की निम्नलिखित में से कौनसी एक विधि नहीं है?

(A) व्यापार उदारीकरण ✓
(B) लोक उपक्रमों का विनिवेश
(C) सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों का पूर्ण विक्रय
(D) लोक उपक्रमों के स्वामित्व एवं प्रबंध में सरकारी हस्तक्षेप आहरित करना

Q.41

भारत में एक मोबाइल एप्लीकेशन को सरकार की नागरिक प्रतिपुष्टि प्रणाली के हिस्से के रूप में प्रस्तुत किया गया था जो पी.एम.जी.एस.वाई. तथा गैर-पी.एम.जी.एस.वाई. के तहत सड़कों की शिकायत निवारण के लिए है, कहलाती है -

(A) पी.एम.जी.एस.वाई. निवारण ऐप
(B) मेरी सड़क मोबाइल ऐप ✓
(C) भारत सड़क शिकायत निवारण ऐप
(D) सड़क शिकायत ऐप

Q.42

कौनसा अपकिरण का माप नहीं है?

(A) चतुर्थक ✓
(B) लॉरेंज वक्र
(C) प्रमाप विचलन
(D) विस्तार

Q.43

एक अर्थव्यवस्था के सतत विकास के मूल स्तम्भ हैं -

(A) आर्थिक एवं सामाजिक समानता की स्थिरता
(B) आर्थिक एवं पर्यावरणीय समानता की स्थिरता
(C) आर्थिक एवं सांस्कृतिक स्थिरता
(D) आर्थिक, पर्यावरणीय एवं सामाजिक स्थिरता ✓

Q.44

अंत्योदय अन्न योजना किस वर्ष में प्रारम्भ हुई?

(A) दिसम्बर, 2000 ✓
(B) दिसम्बर, 2003
(C) जनवरी, 2002
(D) अक्टूबर, 2004

Q.45

निम्नलिखित में से कौनसे मानव विकास सूचकांक (HDI) के आयाम हैं?
(i) जीवन प्रत्याशा
(ii) साक्षरता स्तर
(iii) विवाह की सफलता दर
(iv) जीवन स्तर
(v) विदेशी यात्राएँ

(A) (i), (ii), (iii), (iv), (v)
(B) (i), (iii), (iv)
(C) (ii), (iii), (iv), (v)
(D) (i), (ii), (iv) ✓

Q.46

सतत श्रेणी में बहुलक ज्ञात करने का सूत्र कौनसा है?

(A) $l_1 - \frac{f_1-f_0}{(f_1-f_0)+(f_1-f_2)} \times i$
(B) $l_1 + \frac{f_1-f_0}{2f_1-f_0-f_2} \times i$ ✓
(C) $l_1 - \frac{f_1-f_0}{2f_1-f_0-f_2} \times i$
(D) $l_1 + \frac{f_1+f_0}{2f_1-f_0-f_2} \times i$

Q.47

निम्नलिखित में से कौनसा वैश्वीकरण में अवरोध है?

(A) अप्रचलन ✓
(B) व्यापक आधार
(C) विस्तारित बाजार
(D) निश (Niche) बाजार

Q.48

निम्नलिखित में से कौनसा, 1991 के आर्थिक सुधारों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर अनुकूल प्रभाव था?

(A) एफ.डी.आई., एफ.आई.आई. तथा विदेशी विनिमय कोषों में वृद्धि

(B) लगातार दो दशकों तक सकल घरेलू उत्पाद में तीव्र वृद्धि

(C) कृषि में उच्च वृद्धि दर प्राप्त हुई

(D) दोनों (1) तथा (2) ✓

Q.49

कौनसे प्रकार की बेरोजगारी कृषि क्षेत्र में पाई जाती है?

(A) प्रच्छन्न बेरोजगारी ✓

(B) खुली बेरोजगारी

(C) मौसमी बेरोजगारी

(D) तकनीकी बेरोजगारी

Q.50

"परीक्षण का वह सूत्र जिसमें सूचकांक संख्या की गणना इस तरह की जानी चाहिए, कि यह तुलना के एक बिंदु और दूसरे बिंदु के बीच वही अनुपात दे, चाहे इनमें से कौनसा आधार के रूप में लिया जाए।"
ऐसा परीक्षण कहलाता है -

(A) स्टूडेंट "टी" परीक्षण

(B) चक्रीय परीक्षण

(C) समय उत्क्रम्यता परीक्षण ✓

(D) खंड उत्क्रम्यता परीक्षण

Q.51

यदि चालू दायित्व 4,00,000 ₹, चालू अनुपात 4:1, त्वरित अनुपात 2:1, पूर्वदत्त व्यय शून्य हो, तो स्टॉक का मूल्य क्या होगा?

(A) 16,00,000 ₹

(B) 2,00,000 ₹

(C) 8,00,000 ₹ ✓

(D) 55,000 ₹

Q.52

पूँजी का प्रारम्भिक शेष 1,25,000 ₹, पूँजी का अन्तिम शेष 1,50,000 ₹, अवधि का शुद्ध लाभ 40,000 ₹ है, तो रोकड़ प्रवाह क्या होगा?

(A) बहिर्वाह 40,000 ₹

(B) अन्तर्वाह 10,000 ₹

(C) अन्तर्वाह 15,000 ₹

(D) बहिर्वाह 15,000 ₹ ✓

Q.53

एक.....संगठन का वह अनुभाग है, जिसे विभागाध्यक्ष की देखरेख में बजट की तैयारी और नियंत्रण के लिए बनाया जाता है।

(A) नियंत्रण केन्द्र

(B) लागत केन्द्र

(C) बजट केन्द्र ✓

(D) गतिविधि केन्द्र

Q.54

निम्नलिखित बजटों को उनकी तैयारी के तार्किक क्रम में व्यवस्थित कीजिए -
(A) प्रत्यक्ष सामग्री बजट
(B) रोकड़ बजट
(C) उत्पादन बजट
(D) विक्रय बजट
सही विकल्प का चयन कीजिए -

(A) D → C → B → A
(B) C → A → B → D
(C) C → A → D → B
(D) D → C → A → B ✓

Q.55

कथन - ह्रास के कारण सम्पत्ति के मूल्य में कमी होती है।
परिणाम - इससे रोकड़ प्रवाह होगा।
सही उत्तर का चुनाव कीजिए -

(A) कथन सत्य है, परिणाम भी सत्य है।
(B) कथन व परिणाम, दोनों असत्य हैं।
(C) कथन असत्य है, परिणाम सत्य है।
(D) कथन सत्य है, परिणाम असत्य है। ✓

Q.56

एक अंकेक्षण कार्यक्रम है -

(A) आंतरिक नियंत्रण मैनुअल।
(B) परीक्षण एवं सत्यापन के चरणों की तार्किक रूप से व्यवस्थित एक सूची। ✓
(C) अंकेक्षक के निर्णय का विकल्प।
(D) अंकेक्षक व ग्राहक के बीच एक कानूनी समझौता।

Q.57

'ऋणपत्रों पर ब्याज' वर्गीकृत किया जाता है -

(A) कारखाना उपरिव्यय
(B) विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय
(C) कार्यालय उपरिव्यय
(D) लागत लेखों में सम्मिलित नहीं किया जाता है ✓

Q.58

ऋण-समता अनुपात मूल रूप से दर्शाता है -

(A) कार्यक्षमता
(B) लाभप्रदता
(C) शोधन क्षमता ✓
(D) तरलता

Q.59

समय के निश्चित अन्तरालों के लिए व्यापक रूप में परिचालन एवं वित्तीय योजना को तैयार करना..... कहलाता है।

(A) बजटिंग ✓
(B) बजटरी नियंत्रण
(C) बजट मैनुअल
(D) बजट

Q.60

एक औद्योगिक इकाई को वित्तीय वर्ष में 60,000 ₹ का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। वस्तु का प्रति इकाई विक्रय मूल्य 20 ₹ निर्धारित है, जबकि उसकी प्रति इकाई परिवर्तनशील लागत 15 ₹ है। सुरक्षा सीमा होगी -

(A) 3,00,000 ₹
(B) 60,000 ₹
(C) 1,20,000 ₹
(D) 2,40,000 ₹ ✓

Q.61

निम्न में से कौनसा मद प्रत्यक्ष व्यय से संबंधित <u>नहीं</u> है?

(A) 8000 ₹ मशीनों में प्रयुक्त स्नेहक और तेल के भुगतान किए ✓
(B) 9000 ₹ केवल एक विशेष ठेके के लिए प्रयुक्त क्रेन का भाड़ा
(C) 15,000 ₹ एक कार्य के लिए प्रयुक्त विशेष ले-आउट की लागत का भुगतान किया
(D) 10,000 ₹ एक विशेष उत्पाद की डिजाइन हेतु आर्किटेक्ट को भुगतान किए

Q.62

"अंकेक्षण वित्तीय सूचनाओं की एक स्वतंत्र परीक्षा है।"
यहाँ, अंकेक्षक की स्वतंत्रता का अर्थ है -

(A) अंकेक्षक को प्रबंध के प्रतिनिधित्व पर निर्भर रहना चाहिए।
(B) अंकेक्षक को प्रबंध के निर्णयों का समर्थन करना चाहिए।
(C) अंकेक्षक का निर्णय प्रबंध के प्रभाव के अधीन न हो। ✓
(D) अंकेक्षक का निर्णय ग्राहक की इच्छानुसार होना चाहिए।

Q.63

यह बजट समिति का कार्य नहीं है -

(A) बजट रिपोर्ट प्राप्त करना एवं उसका विश्लेषण करना
(B) बजट पुस्तिका की रचना करना ✓
(C) बजट अनुमानों को प्राप्त करना एवं उनकी समीक्षा करना
(D) बजट एवं बजट संशोधनों का अनुमोदन करना

Q.64

क्रियाशीलता अनुपात ..... के नाम से भी जाने जाते हैं।

(A) दक्षता अनुपात
(B) आवर्त अनुपात
(C) (1) और (2) दोनों ✓
(D) शोधन क्षमता अनुपात

Q.65

एक कम्पनी का कुल सम्पत्ति आवर्त 1.2 है और स्थाई सम्पत्ति आवर्त 2 है। यह मानते हुए कि चालू सम्पत्तियाँ कुल सम्पत्तियों का 40% हैं, तो चालू सम्पत्ति आवर्त अनुपात क्या होगा?

(A) 0.8
(B) 3.0 ✓
(C) 1.5
(D) 0.6

Q.66

स्वामित्व अनुपात 40% है। यदि कुल संपत्तियाँ और अंश पूँजी क्रमशः 55,00,000 ₹ और 15,00,000 ₹ हो, तो संचय एवं आधिक्य की राशि होगी -

(A) 40,00,000 ₹
(B) 7,00,000 ₹ ✓
(C) 18,00,000 ₹
(D) 20,00,000 ₹

Q.67

यदि किसी फर्म का अंशदान विक्रय अनुपात 30% है, स्थिर लागत 1,50,000 ₹ और वांछित लाभ 60,000 ₹ है, तो आवश्यक विक्रय राशि क्या होगी?

(A) 7,00,000 ₹ ✓
(B) 7,50,000 ₹
(C) 6,50,000 ₹
(D) 5,00,000 ₹

Q.68

एक अंकेक्षण कार्यक्रम तैयार किया जाता है -

(A) अंकेक्षण प्रारम्भ होने से पूर्व ✓
(B) अंकेक्षण पूर्ण होने के बाद
(C) अंकेक्षण कार्य के दौरान
(D) अंकेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद

Q.69

एक स्थान, व्यक्ति या उपकरण की मद (अथवा इनका समूह) जिसके लिए लागत का निर्धारण किया जा सकता है, कहलाता है -

(A) लागत चालक
(B) लागत वस्तु
(C) लागत केन्द्र ✓
(D) लागत इकाई

Q.70

रोकड़ प्रवाह विवरण में, निम्नलिखित गतिविधियों का मिलान कीजिए -

सूची-I (मदें)	सूची-II (गतिविधियों के प्रकार)
(I) लाभांश की प्राप्ति	(A) वित्तीय गतिविधि
(II) वित्तीय कम्पनी द्वारा प्रतिभूतियों का क्रय एवं विक्रय	(B) निवेश गतिविधि
(III) स्वयं के अंशों की पुनर्खरीद	(C) परिचालन गतिविधि

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए -

(A) (I)-(A), (II)-(B), (III)-(C)
(B) (I)-(C), (II)-(A), (III)-(B)
(C) (I)-(B), (II)-(C), (III)-(A) ✓
(D) (I)-(B), (II)-(A), (III)-(C)

Q.71

गैर-वित्तीय कंपनी की दशा में, निम्नलिखित में से कौनसा व्यवहार वित्तीय गतिविधि में नहीं दर्शाया जाता है?

(A) बैंक ऋण का पुनर्भुगतान
(B) अन्य कम्पनी के अंशों का क्रय ✓
(C) चुकाया गया लाभांश
(D) अंशों के निर्गमन से प्राप्त राशि

Q.72

निम्नलिखित में से अंशधारियों के कोष की गणना के लिए सही सूत्र कौनसा है?

(A) गैर-चालू सम्पत्तियाँ + चालू सम्पत्तियाँ
(B) अंश पूँजी + संचय एवं आधिक्य ✓
(C) गैर-चालू सम्पत्तियाँ + कार्यशील पूँजी + गैर-चालू दायित्व
(D) विनियोजित पूँजी + ऋण

Q.73

परिचालन अनुपात का सूत्र है -

(A) $\frac{\text{बेचे गए माल की लागत + परिचालन व्यय}}{\text{शुद्ध बिक्री}} \times 100$ ✓
(B) $\frac{\text{परिचालन लाभ}}{\text{शुद्ध बिक्री}} \times 100$
(C) $\frac{\text{परिचालन व्यय}}{\text{शुद्ध बिक्री}} \times 100$
(D) $\frac{\text{बिक्री - सकल लाभ}}{\text{शुद्ध बिक्री}} \times 100$

Q.74

लाभ-मात्रा अनुपात (P/V अनुपात) की गणना, कौनसे सूत्र से की जाती है?

(A) $\frac{\text{विक्रय - स्थिर लागत}}{\text{विक्रय}} \times 100$
(B) $\frac{\text{स्थिर लागत + परिवर्तनशील लागत}}{\text{विक्रय}} \times 100$
(C) $\frac{\text{अंशदान}}{\text{विक्रय}} \times 100$ ✓
(D) $\frac{\text{परिवर्तनशील लागत + लाभ}}{\text{विक्रय}} \times 100$

Q.75

निम्नलिखित में से कौनसा अंकेक्षण का उद्देश्य नहीं है?

(A) प्रबंध को सलाह देना
(B) लाभ का निर्धारण करना ✓
(C) अंतिम खातों की सत्यता एवं निष्पक्षता की जांच करना
(D) अशुद्धियों की खोज करना

Q.76

'नैराश्यता का सिद्धांत' किस स्थिति में लागू होता है?

(A) प्रारम्भिक असंभवता के कारण
(B) ज्ञात असंभवता के कारण
(C) अज्ञात असंभवता के कारण
(D) अप्रत्याशित असंभवता के कारण ✓

Q.77

किसी दोष का मूल्यांकन किसके संदर्भ में किया जाना चाहिए?

(A) कानून या संविदा द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर ✓
(B) निर्माता के आंतरिक मानकों के आधार पर
(C) उपभोक्ता की व्यक्तिगत अपेक्षाओं के आधार पर
(D) बाज़ार प्रतिस्पर्धा के आधार पर

Q.78

आनुपातिकता का सिद्धांत यह सुनिश्चित करता है कि व्यावसायिक कार्यवाही -

(A) दूसरों को अनावश्यक हानि, जोखिम या क्षति न पहुँचाए ✓
(B) केवल विधिक रूप से उचित हो
(C) शक्तिशाली हितधारकों के पक्ष में हो
(D) केवल अल्पकालिक परिणामों पर केंद्रित हो

Q.79

अवयस्क द्वारा की गई संविदा होती है -

(A) आरंभ से ही शून्य ✓
(B) यदि अवयस्क के हित में हो तो वैध
(C) वयस्कता प्राप्त करने के बाद प्रवर्तनीय
(D) अवयस्क की इच्छा पर निरस्त करने योग्य

Q.80

निम्नलिखित में से कौनसा उद्यमिता का व्यक्तिगत कारक है?

(A) तकनीकी प्रगति
(B) राजनीतिक एवं कानूनी वातावरण
(C) जोखिम उठाने का व्यवहार ✓
(D) सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियाँ

Q.81

'निष्पाद्य प्रतिफल' की सर्वाधिक उपयुक्त परिभाषा कौनसी है?

(A) अपर्याप्त प्रतिफल
(B) अवैध प्रतिफल
(C) पहले से किया गया प्रतिफल
(D) भविष्य में किए जाने वाले पारस्परिक वचनों से युक्त प्रतिफल ✓

Q.82

कम्पनी अधिनियम, 2013 की कौनसी 'अनुसूची' निगमीय सामाजिक उत्तरदायित्वों (सी.एस.आर.) से संबंधित गतिविधियों/क्रियाओं की व्याख्या करती है?

(A) अनुसूची VII ✓
(B) अनुसूची VI
(C) अनुसूची IV
(D) अनुसूची V

Q.83

भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 30 के अनुसार एक बाजी का ठहराव होता है -

(A) व्यर्थ ✓
(B) व्यर्थनीय
(C) वैध
(D) अप्रवर्तनीय

Q.84

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अन्तर्गत 'परिवादी' की कौनसी नई श्रेणी जोड़ी गई है?

(A) उपभोक्ता का कानूनी उत्तराधिकारी
(B) उपभोक्ता
(C) केन्द्रीय प्राधिकरण ✓
(D) स्वैच्छिक उपभोक्ता संघ

Q.85

बाह्य भर्ती की सबसे सामान्य और कम खर्चीली विधि कौनसी है?

(A) प्रत्यक्ष आवेदन ✓
(B) विज्ञापन
(C) हेड हंटर्स
(D) कैम्पस भर्ती

Q.86

निम्नलिखित में से कौनसा कथन मानव संसाधन प्रबंधन (एच.आर.एम.) और कार्मिक प्रबंधन (पी.एम.) के बीच सही अंतर स्पष्ट करता है?

(A) पी.एम. कर्मचारियों को संपत्ति मानता है; एच.आर.एम. उन्हें लागत मानता है।
(B) पी.एम. विकास पर केंद्रित है; एच.आर.एम. प्रशासन पर।
(C) पी.एम. और एच.आर.एम. दोनों दर्शन में समान हैं।
(D) एच.आर.एम. रणनीतिक एवं विकासोन्मुख है, जबकि पी.एम. संचालनात्मक एवं प्रशासनिक है। ✓

Q.87

सहमति तब स्वतन्त्र मानी जाती है जब वह उत्पन्न न हो -

(A) प्रस्ताव से
(B) उत्पीड़न से ✓
(C) ठहराव से
(D) स्वीकृति से

Q.88

एक 'आदर्शवादी' उद्यमी की नवाचार हेतु प्रेरणा को सर्वाधिक उपयुक्त रूप में कैसे वर्णित किया जा सकता है?

(A) लाभ अधिकतमकरण
(B) तकनीकी बाध्यता
(C) आंतरिक सृजनात्मक एवं विश्वास-प्रणाली ✓
(D) प्रतिस्पर्धात्मक दबाव

Q.89

निम्नलिखित में से कौनसा घटक भारतीय अर्थव्यवस्था के बदलते हुए परिदृश्य को व्यक्त करता है?

(A) भारतीय अर्थव्यवस्था 2030 तक अल्पविकसित अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।
(B) 2030 तक, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है, जिसकी अनुमानित सकल घरेलू उत्पाद $7.3 ट्रिलियन संभावित है। ✓
(C) भारत 2030 तक विश्व में रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा निर्यातक देश बन जाएगा।
(D) भारतीय अर्थव्यवस्था 2030 तक अनुकूल विदेशी व्यापार संतुलन प्रदर्शित करेगी।

Q.90

किसी देश के घरेलू क्षेत्र द्वारा एक वर्ष में बनाए गए सभी अंतिम उत्पाद और सेवाओं का मौद्रिक मूल्य कहलाता है -

(A) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (NNP)
(B) शुद्ध घरेलू उत्पाद (NDP)
(C) सकल घरेलू उत्पाद (GDP) ✓
(D) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP)

Q.91

राष्ट्रीय आय की गणना में कौनसी एक कठिनाई नहीं है?

(A) दोहरी गणना
(B) केवल सार्वजनिक क्षेत्र पर निर्भरता ✓
(C) संगठित मौद्रिक क्षेत्र की कमी
(D) क्षेत्रीय विषमता

Q.92

विदेशी प्रत्यक्ष निवेश पर सरकार की नीति बनाने के लिए कौनसा नोडल विभाग जिम्मेदार है?

(A) औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग ✓
(B) विदेशी व्यापार विभाग
(C) विदेशी विनिमय विभाग
(D) वस्तु विनिमय (कमोडिटी) एक्सचेंज विभाग

Q.93

औद्योगिक वित्त का आन्तरिक साधन कौनसा नहीं है?

(A) लाभ का पुनर्निवेश
(B) सार्वजनिक जमाएँ ✓
(C) ऋणपत्र
(D) अंश पूँजी

Q.94

एक योजना जो भारत में निर्यात प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ाने के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन हेतु पूँजीगत वस्तुओं को आयात करने में सहायता करती है, जानी जाती है -

(A) पूँजीगत वस्तुओं की निर्यात संवर्धन योजना ✓
(B) भारत से सेवाओं की निर्यात योजना
(C) निर्यात अधिकरण योजना
(D) अग्रिम अधिकरण योजना

Q.95

निम्नलिखित में से कौनसा 'सॉफ्ट स्टेट' का सही आशय है?

(A) सुदृढ़ आर्थिक संस्थाएं
(B) सामाजिक अनुशासनहीनता ✓
(C) भ्रष्टाचार का अभाव
(D) विधिक व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन

Q.96

निर्यात संवर्धन क्षेत्रों का मुख्य उद्देश्य है -

(A) सेवा वस्तुओं के निर्यातों में कमी
(B) समाशोधन गृहों की स्थापना
(C) निर्मित वस्तुओं के निर्यातों में वृद्धि करना। ✓
(D) निर्मित वस्तुओं के निर्यातों में कमी करना।

Q.97

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना 21 मार्च, 2025 के अनुसार, सूक्ष्म उद्यम में संयंत्र और मशीनरी या उपकरण में निवेश और आवर्तन की सीमा अधिक नहीं होगी -

(A) 2 करोड़ एवं 10 करोड़ से
(B) 2.5 करोड़ एवं 5 करोड़ से
(C) 2.5 करोड़ एवं 10 करोड़ से ✓
(D) 1 करोड़ एवं 5 करोड़ से

Q.98

निम्नलिखित में से किस अर्थशास्त्री ने राष्ट्रीय आय की उपभोग पर आधारित परिभाषा दी है?

(A) फिशर ✓
(B) पिगू
(C) साइमन कुजनेटस
(D) मार्शल

Q.99

बजट अनुमान 2026-27 में केन्द्रीय सरकार का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का ..... प्रतिशत अनुमानित किया गया है।

(A) 4.0
(B) 4.4
(C) 4.2
(D) 4.3 ✓

Q.100

निम्नलिखित में से कौनसा आर्थिक पर्यावरण का अंग नहीं है?

(A) उपभोग आदतें ✓
(B) स्कन्ध बाजार सूचकांक
(C) सार्वजनिक ऋण
(D) मुद्रास्फीति दर

Q.101

एक कम्पनी ने 100 ₹ प्रत्येक के 10% ऋणपत्र 80₹ पर निर्गमित किये, जिन्हें 4 वर्ष बाद 100 ₹ पर शोधन किया जाएगा। यदि कर की दर 50% है, तो ऋण की लागत (Kd) ज्ञात करो -

(A) 9.00%
(B) 9.47%
(C) 11.11% ✓
(D) 10.00%

Q.102

यदि एक फर्म की परिचालन उत्तोलन मात्रा (DOL) 2.8 है, तो इसका अभिप्राय -

(A) यदि विक्रय में 1% की कमी होती है, तो ब्याज तथा कर से पूर्व की अर्जन (EBIT) 2.8% से बढ़ जायेगी।
(B) यदि ब्याज तथा कर से पूर्व की अर्जन (EBIT) 2.896% बढ़ेगी तो प्रति अंश अर्जन (EPS) 1% बढ़ जायेगी।
(C) यदि बिक्री 2.8% से बढ़ेगी तो ब्याज एवं कर से पूर्व की अर्जन (EBIT) 1% से बढ़ जायेगी।
(D) यदि बिक्री में वृद्धि 1% होगी तो ब्याज तथा कर से पूर्व की अर्जन (EBIT) 2.8% से बढ़ जायेगी। ✓

Q.103

कार्यशील पूँजी की गणना की जाती है -

(A) चालू सम्पत्तियों में से चालू दायित्व घटाकर ✓
(B) प्रमुख चालू सम्पत्तियों में से चालू दायित्व घटाकर
(C) प्रमुख चालू सम्पत्तियों में से प्रमुख चालू दायित्व घटाकर
(D) तरल सम्पत्तियों में से चालू दायित्व घटाकर

Q.104

यदि कच्चे माल भंडारण अवधि 30 दिन, रूपांतरण अवधि 45 दिन, तैयार माल भंडारण अवधि 20 दिन, प्राप्यों (देनदारों) की संग्रह अवधि 40 दिन है, एवं लेनदार 50 दिन का उधार देते हैं, तो परिचालन चक्र अवधि कितनी होगी?

(A) 85 दिवस ✓
(B) 135 दिवस
(C) 35 दिवस
(D) 60 दिवस

Q.105

मित्रों, रिश्तेदारों और पड़ोसियों के बीच एक सर्वेक्षण किया गया ताकि किसी विशेष ब्रांड के कोल्ड ड्रिंक के प्रति उनकी पसंद का पता चल सके। यह..... का उदाहरण है।

(A) सविवेक प्रतिचयन
(B) स्तरित प्रतिचयन
(C) गुच्छ प्रतिचयन
(D) सुविधानुसार प्रतिचयन ✓

Q.106

शुद्ध कीमत 20,00,000 ₹, ऋण-समता अनुपात 4:1, ब्याज दर 10%, ब्याज एवं कर से पूर्व की अर्जन (EBIT) 15,00,000 ₹ है, तो वित्तीय उत्तोलक ज्ञात करो -

(A) 3.118
(B) 1.521
(C) 2.143 ✓
(D) 2.001

Q.107

प्रायिकता में, यदि तीन घटनाएं A, B एवं C परस्पर अपवर्जी हैं, P(A) = 0.3, P(B) = 0.4, P(C) = 0.2, तो P(A और B और C) क्या है?

(A) 0.9
(B) 0 ✓
(C) 0.06
(D) 0.024

Q.108

MSME कम्पनियों का अध्ययन करते समय एक शोधकर्ता फर्मों को निर्माण, व्यापार और सेवा क्षेत्रों में विभाजित करता है और फिर प्रत्येक समूह से यादृच्छिक रूप से प्रतिदर्श चुनता है।
यह उदाहरण है -

(A) नियतंश प्रतिचयन का
(B) सविवेक प्रतिचयन का
(C) स्तरित प्रतिचयन का ✓
(D) गुच्छ प्रतिचयन का

Q.109

प्रबंधकीय लेखांकन का मुख्य उद्देश्य है -

(A) अंकेक्षण
(B) कानून का अनुपालन
(C) जर्नल प्रविष्टियाँ करना
(D) निर्णयन में प्रबंध की सहायता करना ✓

Q.110

1 से 50 तक के अंकों में से एक अंक यादृच्छिक आधार पर निकाला गया। क्या संभावना है कि वह 2 या 3 या 10 का विभाज्य अंक होगा?

(A) $\frac{33}{50}$ ✓
(B) $\frac{35}{50}$
(C) $\frac{34}{50}$
(D) $\frac{32}{50}$

Q.111

यदि $P(A) = 0.5; P(B) = 0.4$ तथा $P(A \cap B) = 0.2$ है, तो $P(A/B)$ होगा -

(A) 0.50 ✓
(B) 0.40
(C) 0.20
(D) 0.25

Q.112

पूँजी की भारांकित औसत लागत ज्ञात करने के लिए, भारांकन आधारित हो सकते हैं -

(A) केवल बाजार मूल्यों पर
(B) केवल पुस्तक मूल्यों पर
(C) बाजार मूल्यों अथवा पुस्तक मूल्यों पर ✓
(D) न ही बाजार मूल्यों एवं ना ही पुस्तक मूल्यों पर

Q.113

प्रबंधकीय लेखांकन की कौनसी तकनीक नहीं है?

(A) सीमांत लागत
(B) खेल सिद्धान्त ✓
(C) बजटरी नियन्त्रण
(D) मानक लागत

Q.114

निम्नलिखित में से किस स्थिति में, कार्यशील पूँजी की आवश्यकता सबसे कम होगी?

(A) नकद बिक्री और नकद खरीद
(B) नकद बिक्री और उधार खरीद ✓
(C) उधार बिक्री और नकद खरीद
(D) उधार बिक्री और उधार खरीद

Q.115

इसकी क्या संभावना है कि दैव प्रतिचयन द्वारा चुने गये किसी गैर-लीप वर्ष (non-leap year) में 53 रविवार होंगे?

(A) $\frac{4}{7}$
(B) $\frac{3}{7}$
(C) $\frac{1}{7}$ ✓
(D) $\frac{2}{7}$

Q.116

आगमनात्मक शोध पद्धति एक प्रकार का दृष्टिकोण है -

(A) अप-अप
(B) डाउन-डाउन
(C) टॉप-डाउन
(D) बॉटम-अप ✓

Q.117

'गीता' के अनुसार, मनुष्य का उच्चतम उद्देश्य होता है -

(A) सफलता की प्राप्ति
(B) ईश्वर की प्राप्ति ✓
(C) ज्ञान की प्राप्ति
(D) मोक्ष की प्राप्ति

Q.118

कौटिल्य ने किस साम्राज्य की स्थापना में केन्द्रीय भूमिका अदा की थी?

(A) नन्दा साम्राज्य
(B) चोल साम्राज्य
(C) कुशान साम्राज्य
(D) मौर्य साम्राज्य ✓

Q.119

श्री तुहिन कान्ता पाण्डेय ने सेबी के अध्यक्ष के रूप में किस तिथि को कार्य-भार संभाला था?

(A) 1 जनवरी, 2025
(B) 1 नवम्बर, 2024
(C) 1 मार्च, 2025 ✓
(D) 1 जुलाई, 2024

Q.120

रेडमैन तथा मोरी के अनुसार, अनुसंधान है -

(A) परीक्षण एवं त्रुटि
(B) सामान्य अवलोकन
(C) नए ज्ञान हेतु व्यवस्थित प्रयास ✓
(D) शिक्षण प्रक्रिया

Q.121

निम्नांकित में से किसका लेन-देन (व्यापार) भारतीय पूंजी बाजार में नहीं होता है?

(A) समता अंश
(B) ऋणपत्र
(C) बॉण्ड्स
(D) जमा का प्रमाण-पत्र ✓

Q.122

वर्णनात्मक अनुसंधान मुख्यत: किससे संबंधित होता है?

(A) भविष्य की घटनाओं की भविष्यवाणी करना
(B) किसी स्थिति की वर्तमान अवस्था का वर्णन करना ✓
(C) नए सिद्धांतों की खोज
(D) कारण-परिणाम संबंध स्थापित करना

Q.123

भूमिका संघर्ष को न्यून नहीं किया जा सकता -

(A) वैयक्तिक आवश्यकता संतुष्टि के लिए उचित वातावरण सृजित करके

(B) भूमिका के उचित निर्धारण से

(C) सत्ता और दायित्व की स्पष्टता से

(D) चुनौतीपूर्ण कार्य देकर ✓

Q.124

संज्ञानात्मक पुनर्संरचना मुख्यत: परिवर्तन से संबंधित है -

(A) सामाजिक संबंध

(B) पर्यावरणीय परिस्थितियाँ

(C) शारीरिक प्रतिक्रियाएँ

(D) नकारात्मक विचार एवं विश्वास ✓

Q.125

शोर, गर्मी या ठंड एवं प्रदूषण निम्नलिखित में से किस संगठनात्मक तनाव कारक के अन्तर्गत आते हैं?

(A) प्रबंधकीय व्यूह रचना एवं नियोजन

(B) संगठनात्मक प्रक्रियाएं

(C) संगठन डिज़ाइन एवं ढांचे

(D) खराब कार्य दशाएँ ✓

Q.126

निम्नलिखित में से कौनसा द्वितीयक बाज़ार में जोखिम प्रबंधन की व्यवस्था नहीं है?

(A) सर्किट ब्रेकर

(B) क्लियरिंग कॉर्पोरेशन

(C) मार्जिन आवश्यकताएँ

(D) रिवर्स बुक बिल्डिंग ✓

Q.127

किसी तात्कालिक व्यावहारिक समस्या के समाधान हेतु किया गया अनुसंधान कहलाता है -

(A) अन्वेषणात्मक अनुसंधान

(B) व्यावहारिक अनुसंधान ✓

(C) मूल अनुसंधान

(D) आधारभूत अनुसंधान

Q.128

कौनसी संघर्ष-प्रबंधन रणनीति 'विन-विन' समाधान खोजने का लक्ष्य रखती है?

(A) बचना

(B) प्रतिस्पर्धा

(C) सहयोग ✓

(D) समायोजन

Q.129

यदि उपभोक्ता का मांग वक्र प्रारंभिक मांग वक्र से दाईं ओर विवर्तित होता है, तो यह संकेत करता है -

(A) कम कीमत पर कम मांग मात्रा
(B) ऊँची कीमत पर कम मांग मात्रा
(C) स्थिर कीमत पर अधिक मांग मात्रा ✓
(D) स्थिर कीमत पर कम मांग मात्रा

Q.130

मांग पूर्वानुमान की डेल्फी तकनीक जानी जाती है -

(A) विशेषज्ञों के मतों का सर्वेक्षण ✓
(B) क्रेताओं की धारणाओं का सर्वेक्षण
(C) ओपिनियन पोल का सर्वेक्षण
(D) विक्रय शक्तियों का सर्वेक्षण

Q.131

राजकोषीय नीति संबंधित है -

(A) सरकारी खर्च एवं राजस्व संग्रह ✓
(B) केवल कर राजस्व
(C) आय का वितरण
(D) केवल सरकारी खर्च

Q.132

केन्द्रीय बैंक की गुणात्मक साख नियंत्रण की विधि को निम्नांकित में से चयन कीजिए -

(A) बैंक दर
(B) नकद कोषानुपात
(C) खुले बाजार की क्रियाएँ
(D) चयनित साख नियंत्रण ✓

Q.133

निम्न में से कौनसा बजट का रूप नहीं है?

(A) आर्थिक बजट एवं गैर-आर्थिक बजट ✓
(B) पूँजीगत बजट एवं राजस्व बजट
(C) सामान्य बजट एवं आपातकालीन बजट
(D) संतुलित बजट एवं घाटे का बजट

Q.134

एकीकृत भुगतान इन्टरफेस (UPI) एक त्वरित, वास्तविक समय भुगतान प्रणाली है, जो उत्पाद है -

(A) भारतीय रिजर्व बैंक का
(B) वित्त मंत्रालय, भारत सरकार का
(C) भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम का ✓
(D) इंडियन बैंक्स एसोसिएशन का

Q.135

सार्वजनिक एवं निजी वित्त में कौनसी एक समानता नहीं है?

(A) आय एवं व्यय के संबंध में अंतर ✓
(B) कुशल प्रबंधन
(C) अधिकतम संतुष्टि
(D) उधार की क्षमता

Q.136

निम्नलिखित में से कौनसी समिति भारत में मौद्रिक प्रणाली के कार्य की समीक्षा करने के लिए बनाई गयी थी?

(A) सुखमय चक्रवर्ती समिति ✓
(B) टण्डन समिति
(C) नरसिम्हम समिति
(D) दहेजा समिति

Q.137

अभिकथन (A) : वस्तु की आवश्यकता को संतुष्ट करने की शक्ति उसकी उपयोगिता कहलाती है।

कारण (R) : उपयोगिता में नैतिकता की विशेषता नहीं हो सकती है।

(A) (A) सही है परन्तु (R) सही नहीं है।
(B) (A) और (R) दोनों सही नहीं हैं।
(C) (A) और (R) दोनों सही हैं। ✓
(D) (R) सही है परन्तु (A) सही नहीं है।

Q.138

एफ.आर.बी.एम. है -

(A) फिस्कल रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड बजट मैनेजमेंट ✓
(B) फाइनेंशियल रिकवरी एंड बजट मैनेजमेंट
(C) फिस्कल रिकवरी एंड बॉरोइंग मैनेजमेंट
(D) फाइनेंशियल रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड बजट मैनेजमेंट

Q.139

निम्नलिखित में से कौनसा बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता है?

(A) भारतीय स्टेट बैंक ✓
(B) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
(C) यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया
(D) बैंक ऑफ बड़ौदा

Q.140

निम्नलिखित में से किसका उपयोग अंतर्राष्ट्रीय धन हस्तांतरण के लिए किया जाता है?

(A) स्विफ्ट ✓
(B) सी.टी.एस.
(C) आई.बी.एफ.टी.
(D) आर.टी.जी.एस.

Q.141

शिक्षा में प्रौद्योगिकी के एकीकरण की चुनौतियों के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा 'डिजिटल असमानता' का एक कारण नहीं है?

(A) ई-सुरक्षा ✓
(B) आवासीय क्षेत्र
(C) सामाजिक-आर्थिक स्थिति
(D) आई.सी.टी. साक्षरता स्थिति

Q.142

निम्नलिखित में से कौन सा "सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आई.सी.टी.)" साक्षरता के संदर्भ में उन्नत स्तर की क्षमता को दर्शाता है?

(A) डेटाबेस से जानकारी निकालने और डेटा का मूल्यांकन करने के लिए, सीखने के उद्देश्य से। ✓
(B) इनपुट और आउटपुट डिवाइस का उपयोग करना सीखने के उद्देश्य से।
(C) कम्प्यूटर चालू और बंद करना सीखने के उद्देश्य से।
(D) इन्टरनेट एवं सर्च इंजन का उपयोग करना सीखने के उद्देश्य से।

Q.143

निम्न में से कौन सा शिक्षण प्रतिमान सूचना प्रसंस्करण परिवार से संबंधित नहीं है?

(A) संज्ञानात्मक वृद्धि प्रतिमान
(B) वैज्ञानिक पृच्छा प्रतिमान
(C) संरचित सामाजिक पृच्छा प्रतिमान ✓
(D) अग्रिम संगठक प्रतिमान

Q.144

नीचे फ्लिप्ड कक्षा की कुछ अधिगम परिस्थितियाँ परम्परागत कक्षा की एक परिस्थिति के साथ मिश्रित कर दी गई है। इसमें परम्परागत को खोजिए -

(A) विद्यार्थी अधिगमकर्ता के रूप में। ✓
(B) विद्यार्थी गतिविधियों द्वारा सीखने के लिए तैयार होकर आते हैं और ऑनलाइन सूचनाओं को एकत्रित करते हैं।
(C) विद्यार्थी अध्यापकों और अधिगमकर्ताओं के रूप में।
(D) विद्यार्थी वृहत समूहों, लघु समूहों और व्यक्तिगत गतिविधियों का नेतृत्व करता है।

Q.145

निम्नलिखित में से कौनसी एक रूपरेखा, सार्थक तरीकों से शिक्षण एवं अधिगम में प्रौद्योगिकी के एकीकरण का मार्गदर्शन करती है?

(A) टी.एस.पी.ए.आर. (टीचर - स्टूडेन्ट पेडागॉजिकल अचीवमेन्ट रिवीजन)
(B) टी.पी.ए.सी.के. (टेक्नोलॉजिकल पेडागॉजिकल कन्टेन्ट नॉलेज) ✓
(C) टी.पी.पी.एस.आर. (टीचर पेडागॉजिकल प्रजेन्टेशन स्टूडेन्ट रिवीजन)
(D) टी.पी.ए.एल.के. (टेक्नोलॉजिकल पेडागॉजिकल असिस्टेड लर्निंग नॉलेज)

Q.146

निम्नलिखित में से कौनसा ऑसुबेल के अग्रिम संगठक प्रतिमान के उद्देश्यों का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

(A) वर्तमान ज्ञान का नवीन संप्रत्ययों से संबंध स्थापित किए बिना रटंत अधिगम पर बल देना।

(B) विषय का संप्रत्ययात्मक एवं तथ्यात्मक ज्ञान प्रदान करना, संज्ञानात्मक संरचना का विकास करना तथा नए ज्ञान को पूर्व-ज्ञान से संबंधित करना। ✓

(C) प्रयास और त्रुटि के माध्यम से सीखने को बढ़ावा देना तथा मुख्यत: कौशल विकास पर ध्यान देना।

(D) शिक्षक मार्गदर्शन के बिना स्वतंत्र खोजपूर्ण अधिगम को प्रोत्साहित करना।

Q.147

अभिकथन (A) : सहयोगात्मक अधिगम ज्ञान प्राप्ति, आन्तरिक प्रेरणा और समूह अन्त:क्रिया हेतु बहुत प्रभावी है।

कारण (R) : सहयोगात्मक अधिगम में विद्यार्थी एक लक्ष्य को पूरा करने के लिये समूह में कार्य करते हैं।

(A) (A) सही है किन्तु (R) गलत है

(B) (A) गलत है किन्तु (R) सही है

(C) (A) एवं (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(D) (A) एवं (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ✓

Q.148

शिक्षण-अधिगम सामग्री उपयोग करने के क्या उद्देश्य हैं?
(i) समग्र अधिगम को सुविधा प्रदान करने के लिए।
(ii) कक्षाकक्ष शिक्षण को संगठित करने के लिए।
(iii) अधिगम के प्रति विद्यार्थियों की अभिवृत्ति को परिवर्तित करने के लिए।
(iv) मूर्त सम्प्रत्यय को अमूर्त बनाने के लिए।

(A) केवल (i), (ii) एवं (iv)

(B) केवल (ii), (iii) एवं (iv)

(C) केवल (i) एवं (iii)

(D) केवल (i), (ii) एवं (iii) ✓

Q.149

किस ई-अधिगम प्रारूप में, शिक्षण-अधिगम के अंतर्गत शिक्षक-शिक्षार्थी संप्रेषण इंटरनेट पर ऑनलाइन चैटिंग तथा श्रव्य-दृश्य कॉन्फ्रेंसिंग के रूप में होता है?

(A) स्वामित्व अधिगम

(B) सिंक्रोनस संप्रेषण शैली ✓

(C) मिश्रित अधिगम

(D) अवलंब अधिगम

Q.150

रीता, मीता से बात नहीं करती, क्योंकि उसने उसे धोखा दिया था। यह किस प्रकार के संप्रेषण अवरोध का उदाहरण है?

(A) वातावरण

(B) पूर्वाग्रह

(C) पूर्व अनुभव ✓

(D) भाषा



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in